(ख) यदि हां, तो क्या इन दवाओं, स्रोतों तथा जानकारी की प्रमाणिकता की जांच की गई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसकी जांच कब तक किये जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) परिषद के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में कार्य कर रही आदिवासी अनुसंधान यूनिटें देशी औषधियों और व्यवसाय के बारे में प्रारंभिक सूचना एकत्र कर रही हैं। बिहार के नवादा जिले के आदिवासियों ने जिस "बन्ध्याहरी" औषधि के गर्भ निरोधक होने का दावा किया है, उसका केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद ने परीक्षण के लिये उपक्रम शुरू किया है।

लोदी रोड काम्पलैक्स में बाल उद्यान की भूमि पर पब्लिक स्कूल

2928. **श्री रशीद मसूद :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन शिक्षा विभाग ने लोदी रोड काम्पलैक्स, नई दिल्ली में बाल उद्यान की भूमि पर एक पब्लिक स्कूल चलाने की अनुमति दे दी है ।

(ख) क्या यह भी सच है कि इस स्कूल के खोले जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने सरकार से सम्पर्क किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या है और इस स्थान पर एक स्कूल चलने की अनुमति दिए जाने के क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

देश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

2929. **श्री रशीद मसूद :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हैल्थ फार आॅल इन 2001 ए डी के अनुसरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) इसमें से कितने केन्द्रों के पास भवन तथा आवश्यक स्टाफ का अभाव है; और

(ग) क्या सरकार ने इन केन्द्रों की स्थापना के लिए कोई ठोस समयबद्ध योजना तैयार की है और यदि हां, तो उस योजना की रूपरेखा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) और (ख) देश में कुल 14,145 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काय कर रहे हैं । इनमें से 9046 सरकारी भवनों में हैं और 463 भवन निर्माणाधीन हैं । शेष प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किराए के भवनों या दान दिए भवनों या औषधालयों के पुराने भवनों आदि में कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा अधिकारियों के 3027 पद, फार्मेसिस्टों, के 2235 पद और प्रयोगशाला तकनीशियनों के 1194 पद जो कि बहुत ही आवश्यक हैं, खाली पड़े हैं ।

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलना राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यक कार्यक्रम के अन्तर्गत आता है जिसके लिए योजना गत धन आबंटित किया जाता है । राज्यों